UNIVERSITY OF UTAH
SCHOOL OF MEDICINE



अनुसंधान के सहभागी स्वयंसेवक का

अधिकार-पत्र

प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा के अनुसंधानकर्ता चाहते हैं कि आप अपने अधिकारों के बारे में जानते हों।

आपको या आपके प्रियजनों को यह अधिकार होगा कि:

यह बताया जाए कि यह अनुसंधान अध्ययन क्यों किया जा रहा है।

यह बताया जाए कि आपकी नियमित देखभाल से अलग क्या होगा और क्या उसके जैसा ही होगा।

यह बताया जाए कि जोखिम और दुष्प्रभाव क्या-क्या हैं जिसमें होने वाली परेशानियाँ भी शामिल हों।

यह बताया जाए कि अनुसंधान अध्ययन में भाग लेने से आपको क्या लाभ होंगे और ये लाभ क्या हैं।

आपके सभी विकल्पों और उनके जोखिमों तथा लाभों के बारे में बताया जाए।

यह बताया जाए कि अनुसंधान अध्ययन में भाग लेने से चोट लगने या जटिलताएँ होने की स्थिति में आपके लिए कौन सी चिकित्सा देखभाल उपलब्ध है।

यह निर्णय लेने के लिए समय लेना कि क्या इसमें भाग लेना आपके लिए सही है।

अनुसंधान अध्ययन से पहले और उसके दौरान प्रश्नों को पूछने के लिए समय दिया जाना।

किसी भी समय अनुसंधान अध्ययन में भाग लेने से मना करने का चयन करना। यदि आप अनुसंधान अध्ययन में भाग नहीं लेने का निर्णय लेते हैं तो चिकित्सा देखभाल के आपके अधिकार प्रभावित नहीं होंगे।

बिना किसी दबाव या बल के अपना निर्णय लेना।

हस्ताक्षरित और दिनांकित सहमति फॉर्म की एक प्रति दिया जाना।

यदि आपके मन में अपने अधिकारों या अपने प्रियजनों के अधिकारों के बारे में कोई प्रश्न या चिंताएं हैं तो कृपया अपने अनुसंधान डॉक्टर से संपर्क करें।

आप यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा संस्थागत समीक्षा बोर्ड (IRB) से (801) 581-3655 पर या
अनुसंधान प्रतिभागी अधिवक्ता से (801) 581-3803 पर संपर्क कर सकते हैं।